**बृहस्पतिवार**
21 सितम्बर 2023



पृष्ठ 4

**अब आंखें खोलेंगी कानों का राज...!**



पृष्ठ 5

**स्पाई थ्रिलर डेविल 24 नवंबर को सिनेमाघरों मे रिलीज होगी**




- देहरादून
- वर्ष 31
- अंक 223
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00


**आज का विचार**

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होती और जागते रहने से भय नहीं होता।

— चाणक्य

# दून वैली मेल

**सांध्य दैनिक**

आर.एन.आई.- 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# उत्तराखंड की बैक डोर भर्तियों की कब होगी सीबीआई जांच ?

विशेष संवाददाता

देहरादून/लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच द्वारा उत्तर प्रदेश की विधानसभा और परिषद में हुई बैकडोर भारतीयों पर सख्ती दिखाते हुए इस मामले की जांच सीबीआई से कराने के आदेश दे दिए गए हैं। जिसके बाद यूपी की सियासत में हड़कंप मचा हुआ है। 2020 से 2023 के बीच हुई 200 के लगभग भर्तियों के जरिए नेताओं और अफसरों के सगे संबंधियों को दी गई नौकरी के खिलाफ एक जनहित याचिका पर चल रही सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट की बेंच ने इसकी जांच सीबीआई को सौंपने के आदेश दिए हैं। इसकी जद में आए कई नेता व अधिकारी तो बेनकाब होंगे ही साथ ही अवैध तरीके से नौकरी पाने वालों की नौकरी भी जाएगी।

उत्तराखंड में अभी बीते दिनों जब विधानसभा व सचिवालय में बैकडोर भर्तियों का मामला सामने आया था तब ऐसी ही स्थिति देखी गई थी। फर्क यह था कि अपनी साख बचाने के लिए धामी सरकार ने इस पर खुद ही कार्रवाई शुरू कर दी गई। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने आनन-फानन में पत्रकार वार्ता बुलाकर इसकी जांच कराने व कार्रवाई की बात की। वहीं जांच के

**❑2016 से पूर्व की नियुक्तियों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं?**
**❑सरकार ने कुछ कर्मियों को बर्खास्त कर क्यों की लीपा पोती**

आधार पर उन्होंने एक सप्ताह के अंदर ही 228 तदर्थ नियुक्तियों को अवैध बताते हुए इन कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया था। अपने खिलाफ हुई इस कार्यवाही को लेकर यह कर्मचारी हाईकोर्ट भी गए तथा सुप्रीम कोर्ट भी गए, उन्होंने आंदोलन कर सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश भी की लेकिन उन्हें कहीं से भी राहत नहीं मिली। लेकिन यह सवाल आज भी सवाल ही बना हुआ है कि राज्य की सरकार ने 2016 से पूर्व हुई बैक डोर भर्तियों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? क्यों इस अति संवेदनशील मामले की जांच सीबीआई को या किसी उच्च स्तरीय जांच एजेंसी को नहीं सौंपी गई क्यों इस मामले में लीपापोती की गई? क्या 2016 से पूर्व की भर्तियों को इसलिए वैध माना जा सकता है कि सरकार उन्हें स्थाई नियुक्ति पत्र दे चुकी थी? सच यह है कि इन्हें स्थाई करने का सरकार का फैसला भी अवैध था।

बात सिर्फ विधानसभा व सचिवालय में हुई बैकडोर भर्तियों तक ही सीमित नहीं है राज्य गठन से लेकर अब तक उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा आयोग व लोक सेवा आयोग द्वारा की गई तमाम भर्तियों में हुई व्यापक धांधली की जांच सीबीआई से कराने का साहस सरकार कभी नहीं जुटा सकी है क्योंकि ऐसा हुआ तो राज्य के कई सफेद पोश और अधिकारियों के चेहरे बेनकाब हो जाएंगे?

# स्टील फैक्ट्री में धमाका 15 कर्मचारी घायल, जांच शुरू

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के मुंडियाकी गांव में स्थित एक स्टील फैक्ट्री में देर रात धमाका होने से हड़कंप मच गया। धमाके में कई कर्मचारी घायल हुए है जिन्हे फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा आनन फानन में मुजफ्फरनगर उपचार के लिए भेजा गया। मुजफ्फरनगर से मंगलौर पुलिस को जब मामले की सूचना मिली तो सुबह पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। साथ ही फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुला कर जांच शुरू कर दी गयी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुंडिया की गांव में गायत्री स्टील्स नाम से एक फैक्ट्री संचालित हो रही है जिसमें सरिया आदि बनाने का कार्य किया जाता है। बताया जा रहा है कि बीती रात करीब 12.30 बजे फैक्ट्री में एक तेज धमाका हुआ इसके बाद फैक्ट्री कर्मियों में अफरा तफरी मच गई। वहीं धमाके के दौरान आसपास काम कर रहे कई करीब 15 कर्मचारी घायल हो गए। कर्मचारियों द्वारा मामले की जानकारी फैक्ट्री के उच्च अधिकारियों को दी गई। फैक्ट्री प्रबंधन ने अपनी ओर से पुलिस या स्थानीय प्रशासन को कोई सूचना नहीं दी और घायल कर्मचारियों को भी आसपास के किसी अस्पताल में न ले जाकर सभी कर्मचारियों को मुजफ्फरनगर स्थित अस्पताल में उपचार के लिए भिजवाया। जब इतनी बड़ी संख्या में घायल अस्पताल में पहुंचे तो मामले की जानकारी मुज्जफनगर पुलिस तक पहुंची। इसके बाद मुज्जफरनगर पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा मंगलौर पुलिस को सूचना दी गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद सीओ मंगलौर पुलिस टीम व फायर ब्रिगेड टीम के साथ सुबह फैक्ट्री पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुला कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# रेलवे स्टेशन पर 'कुली' बने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सिर पर उठाया सामान



नई दिल्ली (हसं)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ट्रक ड्राइवरों और मैकेनिकों के बाद अब कुलियों से रूबरू हुए हैं। राहुल गांधी ने दिल्ली के आनंद विहार आईएसबीटी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कुलियों से बातचीत की और उनकी वर्दी पहनकर सामान भी उठाया। जिसे कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा बताया जा रहा है। कांग्रेस ने ट्वीट किया है कि राहुल गांधी आज दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुली साथियों से मिले। पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें रेलवे स्टेशन के कुली साथियों ने उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की थी। आज राहुल गांधी उनके बीच पहुंचे और इत्मीनान से उनकी बात सुनी। बता दें कि इससे पहले राहुल गांधी ने दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर ट्रक ड्राइवरों के साथ 'यात्रा' और इस दौरान उनसे हुई बातचीत का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया था। इसके कुछ दिनों बाद राहुल गांधी करोल बाग बाइक मार्केट पहुंचे थे, जहां उन्होंने मैकेनिकों से बातचीत की थी।

# कनाडा में खालिस्तानी आतंकी सुखदूल सिंह उर्फ सुक्खा की हत्या

हमारे संवाददाता

नई दिल्ली। कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद एक और आतंकी (गैंगस्टर) की हत्या हो गयी है। कनाडा के पीनीपेग सिटी में सुखदूल सिंह उर्फ सुक्खा दुनुके की गोली मारकर हत्या की गई है। इस हत्या की जिम्मेदारी सोशल मीडिया पर गैंगस्टर लारेंस विश्नोई द्वारा ली गयी है।


बता दें कि सुखदूल सिंह उर्फ सुक्खा आतंकवादी अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श का राइट हैंड माना जाता था और वह खुफिया एजेंसी एनआईए की वॉटेंड लिस्ट में भी शामिल था। सुक्खा कनाडा में रहकर भारत में रंगदारी मांगने का काम करता था। सूत्रों से जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक सुक्खा को करीब 15 गोलियां



**गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने ली हत्या की जिम्मेदारी**

मारी गई हैं।

सुखदूल सिंह 2017 में जाली पासपोर्ट की सहायता से भारत से कनाडा भाग गया था। सुक्खा के खिलाफ कई आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। गौरतलब है कि जून में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वहीं सुखदूल सिंह उर्फ सुक्खा दुनुके की हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर



Lawrence Bishnoi
7 m ·

Hanji Sat Sri Akal...Ram Ram sarya nu... Eh Sukha dunneke bambiha group da Jo incharge bnya firda c oda murder Hoya Canada de Winnipeg city vich ohdi jimmevari Lawrence Bishnoi group lainda aa... Eh Heroine addicted nashedi ne sirf avde nashe nu poora krn lai paisya lai Bht ghar ujaade c. Sade Bhra Gurlal Brar... Vicky Middukheda de murder ch ehne hi sab kuj kita c bahar bethke... Sandeep Nangal Ambian da v murder v ehne kraya c. Pr hun ede kite hoye paapan di saza ehnu milgi aa... Bs ikko gal kehni aa jehria dukkia tikkia hje rehgia ki Jithe marzi bhajjlo Dunia de kise v desh ch chljyo ee na sochyo ki Sade nal dushmani leke bachjoge Time jrur wadh ght lg skda pr ik ik nu saza milu avde kite kmma di.
RAAB RAKHA
Waheguru ji ka Khalsa
Waheguru ji ki Fateh
JAI MAHAKAL
Jai Shree Ram

लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। लॉरेंस बिश्नोई के फेसबुक प्रोफाइल से एक पोस्ट की गई है, जिसमें इस हत्या की

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# दून वैली मेल

## संपादकीय

# विवाद और विद्वेश की राजनीति

जुमले हैं, नारे है और विवाद और विद्वेश तो बहुत सारे हैं जो प्रधानमंत्री और भाजपा के लिए राजनीति के अहम सहारे है। अभी हाल में ही तमिलनाडु के युवा मंत्री उदय स्टालिन ने सनातन और सनातनियों के खिलाफ ऐसी आपत्तिजनक टीका टिप्पणी कर दी की उत्तर भारत अपमान की आग से सुलग उठा। भाजपा के मीडिया सेल ने भी उसे लपकने में कोई देर नहीं की। देश का वह मीडिया भी जो अब मीडिया कम और पक्षकार ज्यादा हो गया है, ने इसे तूल देने में कोई कोर कसर नहीं रखी। क्योंकि राजनेताओं की तरह ही कुछ टीवी पत्रकारों को देश और समाज के हितों से कोई सरोकार नहीं रह गया है और उन्हें भी सिर्फ अपनी टीआरपी तथा कमाई के अलावा कुछ दिखाई नहीं देता है भले ही उनकी इस चरित्रगत गिरावट के कारण बहिष्कृत किए जाने की नौबत आ गई हो लेकिन वह सोचने को तैयार नहीं है इस स्थिति के लिए वह खुद ही जिम्मेदार हैं। अभी आम चुनाव से पूर्व जिन पांच राज्यों में चुनाव होने हैं भाजपा ने उन राज्यों में प्रचार अभियान शुरू कर दिया है जिसमें प्रधानमंत्री ने एमपी और छत्तीसगढ़ की सभा में इंडिया गठबंधन पर सनातन को समाप्त करने का आरोप लगाते हुए जबर्दस्त हमला बोला। बस फिर क्या था भाजपा के छोटे से लेकर बड़े तक सभी नेताओं ने सनातन को समाप्त करने की कोशिश करने वाले खुद समाप्त हो जाएंगे जैसे व्याख्यान देने शुरू कर दिए। स्थिति अभी से यह पैदा हो गई है कि सनातन भाजपा के लिए एक अहम चुनावी मुद्दा बन चुका है। भाजपा और एनडीए के नेता अच्छी तरह से जानते हैं कि देश के हिंदू धर्मावलंबी अपनी सनातनी धार्मिक पहचान को सबसे अधिक महत्व देंगे। और दलित तथा पिछड़ों की राजनीति करने वालों पर वह मुद्दा बहुत भारी पड़ेगा। यही कारण है कि इंडिया गठबंधन के नेताओं के पास अब इसका कोई जवाब नहीं बनता दिख रहा है। भाजपा का प्रयास था कि वह 2024 में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के रूप में एक धार्मिक मुद्दे के तौर पर पेश करेगी मगर अब उसे सनातन एक मजबूत धार्मिक मुद्दे के रूप में मिल चुका है। संघ के कार्यकर्ताओं से लेकर देश के साधु संतों सभी के समर्थन ने इसे और अधिक मजबूत धार्मिक मुद्दा बना दिया है। धर्म की राजनीतिक ध्वजा का अब सनातन का मुद्दा काफी होगा व समाज के राजनीतिक शास्त्र को साधने के लिए उसके पास यूनिफॉर्म सिविल कोड व एक देश एक चुनाव जैसे मुद्दों के साथ-साथ वह तमाम समाज कल्याण की योजनाएं हैं। जिनके जरिए वह लंबे समय से मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का काम कर रहे हैं। सत्ता में बैठे लोग लंबे समय से देश में एक साथ चुनाव और समान नागरिक संहिता के फायदे लोगों को समझाने में लगे हुए हैं। यह अलग बात है कि इन तमाम मुद्दों से न आम आदमी को रोजी-रोटी मिल सकती है और न राष्ट्रीय विकास से इन मुद्दों का कुछ लेना देना है लेकिन समाज में विद्वेश और विवादों को बढ़ावा देने वाले इन मुद्दों से चुनाव जरूर जीता जा सकता है। जो आज के दौर में राजनीति का एक मात्र उद्देश्य बन चुका है। भले ही भावी भविष्य की पीढ़ियों को इसकी कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े।

# क्रिप्टो में लेनदेन के नाम पर ठगी करने वाले दो राजस्थान से गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। क्रिप्टो करेंसी में लेनदेन का झांसा देकर धोखाधडी करने के मामले मे एसटीएफ ने दो लोगों को राजस्थान से गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।




आज यहां एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में साइबर अपराधी आम जनता की गाढ़ी कमाई हड़पने हेतु अपराध के नये-नये तरीके अपनाकर धोखाधड़ी कर रहे है। इसी परिपेक्ष्य में ठगों द्वारा फर्जी साइट तैयार कर आम जनता से ई-मेल व दूरभाष व अन्य सोशल साईटों के माध्यम से सम्पर्क कर स्वयं को विभिन्न नामी-गिरामी कम्पनियों का एग्जूटिव बताते हुये टेलीग्राम व यूट्यूब के माध्यम से यू ट्यूब वीडियो लाईक एवं सब्स्क्राईब करने के नाम पर घर बैठे लाभ कमाने का लालच देकर लाखों रुपये की धोखाधडी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी कडी में एक प्रकरण साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन को प्राप्त हुआ जिसमें प्रियंका नेगी के साथ अज्ञात ठगों द्वारा स्वंय को ब्रेडलूम डीजिटल मार्केटिंग नामक कम्पनी का एग्जूटिव बताते हुये यू ट्यूब वीडियो लाईक एवं सब्स्क्राईब करने के नाम पर जल्दी पैसा कमाने का लालच देकर उससे धोखाधड़ी से विभिन्न बैक खातो में लगभग अठारह लाख ग्यारह हजार रुपये की धनराशि की ठगी की गयी। जिसका साईबर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसटीएफ ने आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु गठित टीम द्वारा घटना में प्रकाश में आया कि कुछ धनराशि पीड़िता द्वारा यस बैंक के एक एकाउण्ट में जमा करायी गयी थी जो बाद में आईसीआईसीआई बैंक शाखा नवलगढ़ जिला सीकर के खाते में ट्रांसफर की गयी। यह खाता कादिर खान पुत्र फारूख खान निवासी उच्च माध्यमिक विद्यालय, ग्राम चूड़ीमियां तहसील लक्ष्मण गढ़ थाना बलारा जिला सीकर राजस्थान के नाम पर होना पाया गया तथा उक्त खाते का एसएमएस एलर्ट नम्बर अनीस खान पुत्र असलम निवासी मेन बाजार के पास, ग्राम चूड़ीमियां तहसील लक्ष्मण गढ़ थाना बलारा जिला सीकर राजस्थान के नाम पर होना पाया गया । पुलिस टीम को तुरन्त राजस्थान उक्त लोगों से पूछताछ एवं जांच हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त लोगों को तलाश कर पूछताछ के लिए थाना साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन उत्तराखण्ड लाया गया। पूछताछ में उक्त लोगों द्वारा बताया गया कि क्रिप्टो करैन्सी में ट्रैडिंग करने हेतु दक्षिण भारत के एक व्यक्ति द्वारा जिसका नाम वह नहीं जानते है तथा उनका उस व्यक्ति से सम्पर्क वह्ट्सएप के माध्यम से हुआ था के कहने पर कुल 2,46,000 रुपये के लगभग के यूएसडीटी जो एक क्रिप्टो टोकन है उसको ट्रांसफर किये है। जिस आधार पर उक्त लोग 120बी भादवि के आरोपी होने पाये गये है। शुरुआती जांच के दौरान पता चला है कि 2 करोड़ रुपये से अधिक का विवादित लेनदेन है जो भारत से बाहर पैसा भेजने के इस घोटाले में शामिल है। एसटीएफ ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# हर की पैडी क्षेत्र में चोरी की योजना बनाते हुए तीन शातिर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। मां गंगा की सायंकालीन आरती के समय पर्यटकों के सामान चुराने की योजना बनाते तीन शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से तीन ब्लेड भी बरामद किये गये है।

एसएसपी हरिद्वार द्वारा चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है। उपरोक्त क्रम में कोतवाली नगर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए कांगडा पुल हर की पैडी क्षेत्र में मां गंगा की सांय कालीन आरती के समय देश विदेश से आने वाले पर्यटको के कीमती सामान को चोरी करने की योजना बनाते 3 शातिर चोरो दीपक पुत्र मन्नू निवासी सलेमपुर रविदास मंदिर के पास कोतवाली रानीपुर हरिद्वार, सौरभ पुत्र महिपाल सिंह व सन्तोष पुत्र ओमवीर निवासी बडौत बागपत उ.प्र. को कांगडा पुल से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए उद्देश्य से रखी गयी ब्लैडे बरामद की गयी है।

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह मां गंगा की सायकालीन आरती के समय पर्यटकों का सामान चुराने की योजना बना रहे थे। बहरहाल पुलिस ने उन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# श्री सिद्धि विनायक गणेश महोत्सव पंडाल में विधि विधान के साथ की गई विशेष पूजा अर्चना

देहरादून। श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति गढ़ी कैंट द्वारा मूर्तिकार आजीव विजय द्वारा अपने हाथों से बनाई गई और स्थापित श्री सिद्धि विनायक पंडाल आजीविका ज्ञान वाटिका गढ़ी कैंट देहरादून में आज प्रात विधि विधान के साथ विशेष पूजा अर्चना के साथ आरती की गई, फिर मोदकों का भोग लगाया गया, सायंकाल में विशेष पूजा अर्चना भजन कीर्तन के साथ विशेष आरती होगी , इस अवसर पर आचार्य बिपिन जोशी, पंडित संजय जोशी, पंडित राजकुमार शर्मा, सुधा विजय, राजीव विजय, आजीव विजय, मधुसूदन शर्मा, नीलम विजय सहित काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।



**त्वं न इन्द्रा भरँ ओजो नृम्णं शतक्रतो विचर्षणे।**
**आ वीरं पृतनाषहम्॥**

(ऋग्वेद ८-९८-१०)

हे सर्वशक्तिमान और सर्वज्ञ ईश्वर ! हमें अपने शत्रुओं से लड़ने और जीवन के संग्राम को जीतने के लिए भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियां प्रदान करो।

# विधयक ममता राकेश का ब्रह्मकुमारीज माउंट आबू से लौटने पर ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र रुड़की पर हुआ सम्मान

कार्यालय संवाददाता

रुड़की। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू में आयोजित सोशल विंग की राष्ट्रीय सेमिनार से लौटकर आई भगवानपुर की कांग्रेस विधायक ममता राकेश का ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र रुड़की पर आज सुबह सम्मान हुआ।उन्हें ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र प्रभारी बीके गीता व बीके रजनी ने शाल ओढ़ाकर,परमात्मा शिव का ज्योतिबिंदु चित्र व गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया।विधायक ममता राकेश ने अपने सम्बोधन में बताया कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मूल्याधारित समाज के पुनर्निर्माण विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में वे बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुई थी।जहां उन्होंने अनुभूत किया कि नारी नेतृत्व की विश्व की सबसे बड़ी संस्था ब्रह्माकुमारीज के संस्थापक ब्रह्माबाबा ने 1936 में ही ईश्वरीय बोध होने पर नारी शक्ति के हाथों में नेतृत्व सोंपकर महिला आरक्षण की शुरुआत कर दी थी।उन्होंने ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय को परमात्मा



शिव की पावन स्थली बताते हुए वहां की रूहानियत की प्रशंसा की। उन्होंने भगवानपुर में ब्रह्माकुमारीज केंद्र खोलने के लिए भूमि उपलब्ध कराकर भवन निर्माण का भी पुन: भरोसा दिलाया।उन्होंने कहा कि वास्तव में पांचों विकार ही हमारे दुश्मन है,जिनसे निजात ब्रह्माकुमारीज जैसी संस्थाएं ही दिला सकती है। माउंट आबू में ब्रह्माकुमारीज के मिडियाविंग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मीडिया सेमिनार में पैनलिस्ट रहे वरिष्ठ पत्रकार श्रीगोपाल नारसन ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय मीडिया सेमिनार के उदघाटन सत्र में उनकी पुस्तक शविविधताओं का शहर रुड़कीश का विमोचन होना एक बड़ी उपलब्धि है।वही सेमिनार के टॉक शो में मीडिया की सकारात्मकता पर खुलकर बहस हुई।साथ ही वरिष्ठ राजयोगी बीके सूर्य व ब्रह्माकुमारीज के मिडियाविंग नेशनल कॉर्डिनेटर बीके शांतनु को उनकी हिंदी सेवा के लिए विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ की ओर से श्रीगोपाल नारसन ने विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि प्रदान की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संस्था से जुड़े भाई बहन मौजूद रहे।

# मारपीट में पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। ड्राइवर से मारपीट कर उसको घायल करने के मामले में पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सलेमपुर महदूद रानीपुर रेंज हरिद्वार निवासी आलोक कुमार ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह उमंग भाटिया पुत्र पंकज भाटिया वैष्णवी अपार्टमेंन्ट आरके मिशन रोड नियर बंगाली अस्पताल हिमगिरी कॉलोनी कनखल हरिद्वार की इनोवा क्रिस्टा गाड़ी चलाता है। 8 सितम्बर 2023 को वह मसूरी के टूर पर था। जिस बीच रात में गाड़ी चलाने को लेकर उसके और मालिक के बीच कहा सुनी हो गयी वह मंसूरी से हरिद्वार आ रहा था तभी हाईवे पर स्थित खैरा पंजाबी ढाबा लालतप्पड़ पर उमंग भाटिया और पंकज भाटिया ने उसके साथ जमकर मारपीट की। उमंग भाटिया ने उसकी नाक पर किसी ठोस वस्तु से वार कर दिया। जिससे उसको गम्भीर चोटें आयी है और उसको अधमरा कर घटनास्थल पर ही छोड दिया। उसका कुछ रोजमर्रा उपयोग का सामान जो की गाड़ी में ही था उमंग भाटिया और पंकज भाटिया के पास है और उमंग भाटिया और पंकज भाटिया ने उसको जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मकान की खिडकी तोड़कर लाखों के जेवरात व सामान चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान की खिडकी तोडकर वहां से लाखों के जेवरात, लैपटाप व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोल्हूपानी (लोअर) नियर कृषि निदेशालय, कोठड़ा रोड निवासी श्रीमती ऊषा रतूडी ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बैल्डोगी प्रतापनगर टिहरी गढवाल मे सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत है। उसके पति की मृत्यु होने के कारण घर पर उसकी छोटी बेटी कनिष्का रतूड़ी अकेली रहती है। 18 सितम्बर 2023 को रात्रि आठ बजे करीब उसकी पुत्री पड़ोस में ही अपनी चाची के घर सोने चली गई थी व सुबह साढे छह बजे जब घर लौट कर आई तो पता लगा कि चोरो ने कैमरे की केबिल काट कर खिड़की तोड़ी व घर में अलमारियां तोड़ कर बेड़ बॉक्स खोलकर उसमें रखी ज्वैलरी, लैपटॉप व मोबाइल आदि सामान ले गए है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# पांच लाख रुपये की चरस के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने पांच लाख रूपये की चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दून पुलिस को जानकारी मिली थी कि कुछ बड़े तस्कर बिजनौर उत्तर प्रदेश से चरस की भारी मात्रा जनपद देहरादून में लेकर आने वाले है। जिसके परिणाम स्वरूप पुलिस टीम द्वारा 02 लोगों को एक किलोग्राम चरस के साथ टाइम स्क्वायर माल से सहस्त्रधारा क्रासिंग की तरफ मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम राजदीप पुत्र भगवान सिह निवासी नागल हटनाला पोस्ट कुल्हान थाना राजपुर देहरादून, प्रशान्त धामी पुत्र प्रेम सिह निवासी नागल हटनाला पोस्ट कुल्हान थाना राजपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# हरी पत्तेदार सलाद खाने से दिमाग होगा जवान

जो लोग हरी पत्तेदार सब्जियों की सलाद अपनी रोज की खुराक में शामिल करते हैं वे दिमाग को 11 साल जवान रखते हैं। शोधार्थियों ने पाया है कि जो लोग हर दिन हरी पत्तेदार सब्जियां खाते हैं उनकी याददाशत और सोचने की क्षमता में उन लोगों की



तुलना में कम गिरावट होती है जो सब्जियां नहीं खाते हैं या कभी कभार खाते हैं। अध्ययन के मुताबिक, दोनों समूहों के बीच अंतर आयु में 11 वर्ष कम के बराबर था। खुराक में हरी पत्तेदार सलाद को शामिल करने से दिमाग 11 साल जवान रख सकते हैं। विश्विद्यालय से जुड़ी मार्था क्लेयर मॉरिस ने बताया कि अपने दिमाग की सेहत को बढ़ाने का सरल तरीका है कि आप अपनी खुराक में हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करें। उन्होंने कहा कि ऐसे बुजुर्ग लोगों की संख्या में इजाफा हो रहा है जो डिमेंशिया के शिकार हो रहे हैं। ऐसे में इसे रोकना अहम है। उन्होंने बताया कि यह अध्ययन औसतन 81 वर्ष के 960 लोगों पर किया गया है। उन पर यह अध्ययन करीब साढ़े चार साल तक किया गया।

# लघु व्यापारियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया

संवाददाता



हरिद्वार। तीन वेंडिंग जोन का उद्घाटन करने व चौथे की आधारशीला रखने पर लघु व्यापारियों ने मुख्यमंत्री व नगर विकास मंत्री का आभार व्यक्त किया।

आज यहां उत्तराखंड सरकार के शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा शहरी आजीविका मिशन को सार्थक करने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शहरी आजीविका मेले के आयोजन के दौरान हरिद्वार नगर निगम द्वारा विकसित किए गए तीन वेंडिंग जोन के उद्घाटन और चौथे वेंडिंग जोन के आधारशिला शीलान्यास किए जाने से उत्साहित सभी वेंडिंग जोन के लाभार्थी लघु व्यापारियों ने जिला अध्यक्ष राजकुमार एंथोनी के संयोजन में बैठक का आयोजन कर प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा का स्वागत व अभिनंदन कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का संयुक्त रूप से आभार प्रकट किया। आगामी 30 सितंबर को वेंडिंग जोन के सभी लाभार्थी व चिन्हित किए गए अन्य वेंडिंग जोन के कारोबारी सभी लघु व्यापारियों ने निर्णय लिया स्वाभिमान धन्यवाद यात्रा निकाल कर शक्ति प्रदर्शन के साथ सभी वेंडिंग जोन विकसित किए जाने की मांग को लेकर सार्वजनिक तौर पर धन्यवाद ज्ञापित किया जाएंगे। इस अवसर पर लघु व्यापार संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा उत्तराखंड बनने के उपरांत पूरे प्रदेश में रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को संगठित कर लघु व्यापारियों को एक मंच पर लाने का उनका प्रयास सफल रहा है। आज राज्य भर में उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार देहरादून, ऋषिकेश, विकास नगर, कोटद्वार, रुड़की हरिद्वार, उधम सिंह नगर, हल्द्वानी, नैनीताल, अल्मोड़ा, टनकपुर, रामनगर, काशीपुर इत्यादि उत्तराखंड राज्य के सभी शहरी नगर निकाय में राज्य सरकार की और से प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना, राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार शहरी समृद्धि विकास के क्षेत्र में रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को वेंडिंग जोन हैकिंग जोन के रूप में युद्ध स्तर पर व्यवस्थित व स्थापित किए जाने की कार्रवाई की जा रही है जोकि प्रशासनीय व हर्ष का विषय है।

# मकान का ताला तोडकर लाखों की चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोडकर वहां से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरू कालोनी निवासी भास्कर सिंह चौहान ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 17 सितम्बर 2023 वह साढे ग्यारह बजे नेहरु कॉलोनी से न्यू टिहरी के लिए निकला था और अगले दिन रविवार शाम को पांच बजे पर घर पहुँचा। घर पहुँचने पर देखा दरवाजे का ताला खुला हुआ था और अंदर सभी लाकर टूटे थे। जिससे 1 हार, 03 कुंडल, 2 छोटे मंगलसूत्र, 02 बडे मंगलसूत्र, 01 चेंन, 01 जोडी कड़े, 05 अंगूठियाँ और 10 हजार रूपये नकद चोरी हुआ है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चरस तस्करी में एक गिरफ्तार एक फरार

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। चरस तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने 305 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाते हुए उसका साथी फरार होने में सफल रहा जिसकी तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार बीती शाम एक सूचना के आधार पर थाना बुग्गावाला द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस को हरिपुर टोंगिया तिराहे के समीप बाइक सवार दो संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रोकना चाहा तो वह भागने लगे। इस पर पुलिस ने घेर कर एक को दबोच लिया। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाते हुए उसका साथी फरार होने में सफल रहा जिसकी तलाश जारी है। पूछताछ में गिरफ्तार हुए आरोपी ने अपना नाम तेजपाल पुत्र ईलम चंद निवासी बुग्गावाला जनपद हरिद्वार बताया। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है।

# कब नौ मन तेल होगा, कब राध नाचेगी ?: दसौनी

हमारे संवाददाता

देहरादून। महिला आरक्षण बिल में तमाम तरह की शर्तें लगाने के लिए उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने केंद्र में बैठी भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला है। दसौनी ने कहा कि सत्ता प्राप्ति के साढ़े नौ साल बाद तो विपक्ष के दबाव में केंद्र में बैठी मोदी सरकार को अनंतोगत्वा महिला आरक्षण बिल की याद आई और खुशी की बात है कि वह कैबिनेट में पास किया गया। परंतु इस बिल में जिस तरह से पेंच फंसाने के लिए जनगणना और परिसीमन को इससे जोड़ दिया गया है वह अपने आप में चुनावी जुमला या चुनावी पुलाव ही नजर आ रहा है।

दसौनी ने कहा की क्या मोदी सरकार देश की आधी आबादी यानी की मातृशक्ति को बिना किसी शर्तों के आरक्षण की सौगात नहीं दे सकती थी? कहा कि सरकार की ओर से कहा जा रहा है की महिला आरक्षण बिल तभी क्रियान्वन में आ सकता है जब पहले जनगणना हो और जनगणना के बाद परिसीमन। कहा कि जनगणना तो बहुत समय पहले हो जानी चाहिए थी,निकट भविष्य में तो यह होता दिखाई नहीं पड़ता। उन्होने 2021 में जनगणना न कराने के लिए भी मोदी सरकार को घेरा। कहा कि जी-20 समिट में भाग लेने वाले तमाम देशों में मात्र भारत की अकेला ऐसा देश था जिसमें जनगणना नहीं हुई थी। यदि जनगणना के बाद ही इस बिल को लागू करना था तो अभी से इस पर इतना हो हल्ला मचाने की क्या जरूरत थी? उन्होने कहा कि दरअसल भाजपा के नेताओं को छपास का रोग है और वह लोकसभा चुनाव से पहले अखबारों की सुर्खियां बटोरने के लिए इस तरह की नाटक नौटंकी कर रहे है।

दसौनी ने कहा कि मोदी सरकार ने पहले इस देश के युवाओं को सालाना 2 करोड़ नौकरियों के नाम पर ठगा फिर देश के किसानों को एमएसपी का झुनझुना दिया और अब देश की करोड़ों करोड़ महिलाएं और लड़कियां जो राजनीति में अपना स्थान बनाना चाहती हैं और देश के नीति निर्धारण में अपना सहयोग देना चाहती हैं उनको जोरदार धक्का दिया है।

उन्होने कहा कि यह तो कांग्रेस के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की दूरदर्शिता का परिणाम है कि आज देश में 30 लाख पंचायत प्रतिनिधियों में 15 लाख ग्रामीण अंचल की महिलाएं प्रतिनिधित्व कर रही हैं। दसोनी ने कहा कि इस बिल में इतने सारे किंतु परंतु जोड़ दिए गए हैं जिसकी वजह से विशेषज्ञों के अनुसार इस बिल को अमली जामा पहनाने में 5 से 7 साल लग जाएंगे।

# आलिया कुरैशी को अपनी ही फिल्म जवान के लिए नहीं मिला टिकट

शाहरुख खान की फिल्म को रिलीज हुए छह दिन बीच चुके हैं, लेकिन फैंस का क्रेज कम होने का नाम नहीं ले रहा है। थिएटर्स में लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। फिल्म हाउसफुल जा रही है, जिसके कारण टिकट मिलना भी मुश्किल हो गया है।



खुद जवान एक्ट्रेस आलिया कुरैशी को अपनी फिल्म बड़े पर्दे पर देखने के लिए टिकट नहीं मिला। आलिया कुरैशी ने बताया कि शुरुआत में उन्हें 'जवान' देखने के लिए टिकट ही नहीं मिल रहा था। फिर उन्हें प्रोडक्शन टीम की तरफ से 10 टिकट दिए गए और वह अपने परिवार व दोस्तों के साथ फिल्म देखकर आईं। आलिया ने फिल्म में शाहरुख खान के गैंग की छठी महिला का किरदार निभाया है।

बता दें कि फिल्म 'जवान' के लिए न केवल किंग खान बल्कि अन्य एक्टर्स को भी जनता खूब पसंद कर रही है। फिल्म में साउथ एक्टर विजय सेतुपति को विलेन दिखाया है और उनका किरदार दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। खुद आलिया भी उनकी बड़ी फैन हैं। आलिया ने बताया कि वह विजय की डाई हार्ड फैन हैं। आलिया कुरैशी ने कहा, मैं विजय सर को बहुत प्यार करती हूं, अगर कोई उनके बारे में थोड़ा भी बुरा कहेगा तो मैं मौत तक से लड़ जाऊंगी। आलिया ने विजय सेतुपति की तारीफों के पुल बांध दिए। उन्होंने साउथ एक्टर को विनम्र इंसान बताया है। एक्ट्रेस ने कहा, जब आप उनसे बात करेंगे तो आपको ऐसा नहीं लगेगा कि आप किसी शानदार एक्टर या स्टार से बात कर रहे हैं। वह बहुत अच्छे, शांत और अपने आप में ही खास हैं। उनमें कोई दिखावा नहीं है। आलिया ने यह भी कहा कि शाहरुख खान और विजय सेतुपति के बीच की केमिस्ट्री शानदार थी। उन्होंने शाहरुख के करिश्मा और स्टाइल की भी तारीफ की। आलिया ने फिल्म में शाहरुख खान की टीम आजाद की महिलाओं में से एक की भूमिका निभाई है। फिल्म ने की इतनी कमाई फिल्म ने पहले दिन 75 करोड़ का बिजनेस किया था, जिसमें हिंदी का कलेक्शन 65.5 करोड़ और तमिल में 5.5 करोड़ और तेलुग में 4 करोड़ था।

# भजन कुमार बनकर छाए विक्की कौशल

अभिनेता विक्की कौशल को पिछली बार सारा अली खान के साथ फिल्म जरा हटके जरा बचके में देखा गया था। आने वाले दिनों में वह कई फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाले हैं। उन्हीं में से एक है फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली, जिससे जुड़ी आए दिन नई जानकारी सामने आ रही है। पिछले कुछ दिनों से इस फिल्म के ट्रेलर का इंतजार किया जा रहा था, जो अब आखिरकार खत्म हो गया है।

जैसे कि इसके नाम से ही जाहिर होता है कि यह एक पारिवारिक फिल्म है। ट्रेलर सामने आने के बाद इतना तो साफ हो गया है कि फिल्म कामेडी और इमोशन से भरपूर होने वाली है। इसकी कहानी परिवार के अटूट रिश्ते पर आधारित है।फिल्म विक्की के किरदार वेद व्यास त्रिपाठी उर्फ भजन कुमार और उनके अतरंगी परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। ट्रेलर में मानुषी छिल्लर की झलक भी देखने को मिली, लेकिन इसके आकर्षण का केंद्र विक्की हैं। द ग्रेट इंडियन फैमिली यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी है। फिल्म में विक्की और मानुषी के बीच रोमांस दिखाया जाएगा। इसके अलावा मनोज पाहवा और कुमुद मिश्रा जैसे कलाकार भी इसका हिस्सा हैं।फिल्म का टीजर दर्शकों को बेहद पसंद आया था। विजय कृष्णा आचार्य के निर्देशन में बनी यह फिल्म 22 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।इस फिल्म की कहानी एक मध्यमवर्गीय परिवार के आसपास घूमती है, जिसमें लड़ाई-झगड़ों के साथ मिल-जुलकर सब काम होते दिखेंगे।

फिल्म का पहला गाना कन्हैया ट्विटर पे आ जा भी सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। यूट्यूब पर इसे करोड़ों व्यूज मिल चुके हैं। इसमें विक्की को गायक भजन कुमार के रूप में पेश किया गया है।जन्माष्टमी के मौके पर आए इस गाने में भी भजन कुमार बने विक्की ने खूब वाहवाही बटोरी।इस गाने को नकाश अजीज ने गाया है, वहीं इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और प्रीतम दा ने इसे संगीत दिया है। विक्की अब जल्द 1971 के युद्ध के नायक सैम मानेकशॉ पर बन रही फिल्म सैम बहादुर में नजर आएंगे। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विक्की के साथ सान्या मल्होत्रा और फातिमा सना शेख भी नजर आने वाली हैं।विक्की निर्देशक लक्ष्मण उतेकर की फिल्म छावा का भी हिस्सा हैं। वह शाहरुख खान और तापसी पन्नू के साथ फिल्म डंकी में भी दिखाई देंगे।इसके अलावा फिल्म मेरे महबूब मेरे सनम भी उनके खाते से जुड़ी है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# अब आंखें खोलेंगी कानों का राज...!



इंसान के शरीर में आंखें देखने के लिए बनी हैं और कान सुनने के लिए। अभी तक कानों की किसी भी समस्या को सुलझाने के लिए कानों का टेस्ट किया जाता था। खासकर बहरेपन या कम सुनाई देने की समस्या के लिए कान का टेस्ट आम बात है। लेकिन कम सुनाई देने के लिए कान का टेस्ट बहुत ज्यादा कारगर इसलिए नही हो पाता क्योंकि टेस्ट शुरूआती समस्या को पकड़ नहीं पाता था। लेकिन अब कम सुनाई देने या बहरेपन की पहचान के लिए कान की बजाय आंखों का टेस्ट ज्यादा प्रभावी हो सकता है। जी हां, आपको पढ़ने में शायद अजीब लगे लेकिन जल्द ही ऐसा तरीका आ रहा है जिससे आंखों का टेस्ट करके बहरेपन की समस्या का पता लगाया जा सकेगा।

शोधकर्ताओं ने इस नए तरीके के बारे में खास जानकारी दी है। उनके मुताबिक इस नए तरीके की बदौलत सुनने में किसी भी तरह की दिक्कत के लक्षणों को आंखों की मूवमेंट के जरिए पहचाना जा सकेगा। ये नया तरीका बहरेपन की शुरूआती स्टेज पता करने में काफी इफेक्टिव साबित होगा। यानी अगर ये अध्ययन सफल होता है तो आगे जाकर बहरेपन के शुरूआती लक्षणों को पहचानना काफी आसान हो जाएगा।

इस अध्ययन में सभी प्रतिभागियों को एक स्पीच में बिठाया गया। जब ये स्पीच चल रही थी तो लोगों की आंखों पर फोकस किया गया। इस अध्ययन में कहा गया कि दरअसल जब किसी को सुनने में तकलीफ होती है तो वो अपनी आंखों पर ज्यादा फोकस करता है। यानी वो अपनी आंखों से अपने कानों का काम लेना चाहता है। इसका मतलब ये हुआ कि जिस किसी को कम सुनाई दे रहा है वो अपनी आंखों के जरिए उसे फोकस करके सुनने की कोशिश करता है। इस स्टडी में कुछ लोगों को एक स्पीच सुनवाई गई। इस दौरान उनको सामने स्क्रीन पर लगे एक प्वाइंट पर फोकस करने के लिए कहा गया। चलती स्पीच के बीच में उन लोगों की आंखों की मूवमेंट में कमी देखी गई जिनको सुनने में दिक्कत आ रही थी। आंखों की मूवमेंट कम होने का मतलब निकाला गया कि वो लोग ज्यादा फोकस होकर और ज्यादा केंद्रित होकर सुनने की कोशिश कर रहे हैं। (आरएनएस)

# रोजाना इस्तेमाल होने वाले एयरपॉड्स को साफ और नए जैसा कैसे बनाएं

रोज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में एयरपॉड्स हमारे संगीनी बन चुके हैं। चाहे वह फोन कॉल हो, मनपसंद संगीत की धुनें सुनना हो, या ऑनलाइन बैठकों में हिस्सा लेना हो, ये छोटे से डिवाइस हर जगह हमारे साथ होते हैं। इसलिए इन्हें साफ रखना भी उतना ही जरूरी है जितना इन्हें सुरक्षित रखना। इनका रेगुलर यूज करने से ये जल्दी गंदे हो जाते हैं। ऐसे में अपने एयरपॉड्स को साफ रखना बहुत जरूरी है। बाज़ार में तरह-तरह के एयरपॉड्स क्लीनिंग सोल्यूशंस उपलब्ध हैं, लेकिन घर पर भी हम आसानी से सफाई कर सकते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आपके एयरपॉड्स हमेशा नए जैसे बने रहें और वह अच्छे से काम करे, तो आइए जानते हैं कि कैसे हम इसे घर पर साफ कर सकते हैं।

सॉफ्ट ब्रश से

पहली बात, एयरपॉड्स को चार्जिंग केस से बाहर निकालें। ध्यान दें कि आपके पास कोई लिक्विड न हो, जैसे पानी या अन्य लिक्विड। उसके बाद एयरपॉड्स को सॉफ्ट ब्रश से सावधानीपूर्वक साफ कर सकते हैं। मुलायम बालों वाला ब्रश से एयरपॉड्स के छिद्रों अच्छे से साफ हो जाते हैं। ध्यान दें कि आप जोर से न दबाएं और एयरपॉड्स को किसी भी प्रकार के लिक्विड से दूर रखें। अगर आपको लगता है कि उनमें पानी चला गया है, तो उन्हें सूखने दें।

सॉफ्ट कपड़ा

एक मुलायम, अधिक गीला नहीं होना चाहिए। उस कपड़े से एयरपॉड्स को धीरे धीरे साफ करें। केस की सफाई के लिए, मुलायम और सूखा कपड़ा लें और धीरे से सफाई करें। केस के अंदर जमी धूल को साफ करने के लिए ब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं।

कॉटन स्वैब

कॉटन स्वैब पर थोड़ा सा आइसोप्रोपाइल अल्कोहल (रबिंग अल्कोहल) लगाकर एयरपॉड्स को साफ करें। इससे अच्छे से एयरपॉड्स चमक जाएंगे।

पेंट ब्रश

एयरपॉड्स के छेदों या दरारों से गंदगी निकालने के लिए एक पेंट ब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं ब्लू टेक टेप से एयरपॉड्स के मैग्नेट्स को साफ करें। वहीं चार्जिंग केस को साबुन और पानी से साफ कर सकते हैं।(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -047

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | | | ■ |
| 10 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | 15 | ■ | | ■ | 16 | 17 | | |
| ■ | | ■ | 18 | | | | ■ | ■ |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 46 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

# राजवीर देओल और पालोमा की सादगी और आकर्षण ने दिल जीता

अवनीश बडजात्या निर्देशित पहली फिल्म दोनों का ट्रेलर रिलीज होने के साथ ही इंटरनेट पर खूब प्यार बटोर रहा है। इस फिल्म से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाले राजवीर देओल और पलोमा को भी उनकी सादगी और आकर्षण के लिए काफी सराहना मिली। खैर, नेटिज़न्स को ट्रेलर में देखी गई यह ताज़ा ऑन-स्क्रीन जोड़ी पसंद आ रही है। लोग अवनीश की तारीफ करते नहीं चूक रहे हैं उनका मानना है कि अवनीश ने राजश्री के फॅमिली ओरिएंटेड फिल्म की परम्परा को बरकरा़र रखा है। हलाकि दोनों का ट्रेलर लांच किसी फॅमिली सेलिब्रेशन से काम नहीं था जहाँ पलोमा के साथ कुछ भावनात्मक क्षण आए, जबकि उनकी मां पूनम ढिल्लों को गर्व महसूस हुआ। जहां सनी देओल बहुत खुश लग रहे थे, वहीं राजवीर काफी अभिभूत थे, लेकिन कुल मिलाकर, मेघना और देव को प्रशंसकों ने मंजूरी दे दी है। 15 अगस्त को राजश्री प्रोडक्शन के 76 साल पुरे हो रहे हैं, और दोनों यह राजश्री की सेलिब्रेशन फिल्म है। देश का सबसे पुराना प्रोडक्शन हाउस अपनी विरासत को आगे बढ़ा रहा है क्योंकि अब राजश्री की चौथी पीढ़ी औउइसके कमान को संभालने के लिए पूरी तरह तैयार है। राजश्री प्रोडक्शंस (पी) लिमिटेड अपनी 59वी फिल्म जियो स्टूडियोज के सहयोग से प्रस्तुत कर रहे हैं दोनों जिसका निर्देशन अवनीश एस बड?त्या ने किया हैं, वहीं कमल कुमार बडजात्या, स्वर्गीय राजकुमार बड?त्या और अजीत कुमार बड?त्या ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। फिल्म के लिए क्रिएटिव प्रोडक्शन का नेतृत्व सूरज आर। बड?त्या कर रहे हैं। दोनों 5 अक्टूबर को सिनेमा में रिलीज हो रही है। (आरएनएस)

# क्लासी लुक में मानुषी छिल्लर ने खींचा ध्यान, फ्लोर पर बैठ चलाया अदाओं का जादू

मानुषी छिल्लर का बॉलीवुड डेब्यू बेशक कुछ खास न रहा हो, लेकिन एक्ट्रेस ने अपनी अदाओं का जादू तो देशभर के लोगों पर चला ही दिया है। आज मानुषी के चाहने वाले उनकी एक झलक देखने के लिए बेताब रहते हैं। एक्ट्रेस भी अपने फैंस के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हो गई हैं। ऐसे में अब फिर से मानुषी ने अपनी अदाएं दिखाते हुए इंटरनेट का पारा हाई कर दिया है।

मानुषी ने कुछ देर पहले ही अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। इनमें एक्ट्रेस काफी क्लासी लुक में दिख रही हैं। मानुषी ने अपने इस लुक को सटल शाइनी बेस, ग्लॉसी लिप्स और न्यूड आई मेकअप से कंप्लीट किया है।

इसके साथ एक्ट्रेस ने अपने बालों को वेवी टच देकर ओपन रखा हुआ है। मानुषी ने अपने इस लुक को कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करते हुए कई पोज दिए हैं।

अब मानुषी के चाहने वालों की नजरें उनकी इन अदाओं पर भी टिकी रह गई है। फैंस ने एक्ट्रेस की तारीफों के पुल बांधते हुए खूब कमेंट्स किए हैं। कुछ ही मिनटों में मानुषी की तस्वीरों पर हजारों लाइक्स आ चुके हैं, जो हर मिनट तेजी से बढ़ते ही जा रहे हैं।

दूसरी ओर मानुषी के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस वक्त एक्ट्रेस के पास कई बड़ी फिल्में कतार में हैं। जल्द ही उन्हें द ग्रेट इंडियन फैमिली टाइटल से बन रही फिल्म में देखा जाएगा। इसके बाद मानुषी बड़े मियां छोटे मियां, तेहरान और पैन इंडिया फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन में भी नजर आने वाली हैं। (आरएनएस)

# फुकरे 3 : 'हनी' और 'चूचा' के साथ पंकज त्रिपाठी ने लगाए ठुमके

एक्सेल एंटरटेनमेंट की 'फुकरे 3' अपने ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही चर्चा में है। हाल में मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर इसका ट्रेलर और फिल्म के पहले गाने वे फुकरे की एक झलक भर जारी कर दर्शकों के उत्साह को एक अलग लेवल पर पहुंचा दिया था। वहीं अब फैंस का इंतजार खत्म करते हुए मेकर्स ने फिल्म के पहले गाने वे फुकरे को रिलीज कर दिया है। जो सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। से पर्दा उठा दिया है। 'फुकरे' फेंचाइजी हमेशा चार्टबस्टर गानों से सजी रहती है। ऐसे में, मच अवेटिड 'फुकरे 3' के पहले गाने 'वे फुकरे' में हनी और चूचा के साथ पंडित जी भी थिरकते हुए नजर आ रहे हैं। बता दें कि वे फुकरे गाने को तनिष्क बागची ने कंपोज किया है। साथ ही गाने को देव नेगी और असीस कौर ने गाया है और बोल शब्बीर अहमद ने दिए हैं। गाने को बॉस्को मार्टिस ने कोरियोग्राफ किया है।

बता दें कि इस बार भी 'फुकरे 3' में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, मनजोत सिंह और पंकज त्रिपाठी अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा फिल्म में भोली पंजाबन का रोल निभाने वाली ऋचा चड्ढा एक बार फिर इसमें फुकरों की क्लास लगाएगी। हालांकि इस बार फिल्म से अली फजल गायब रहने वाले हैं। 'फुकरे 3' को मृगदीप सिंह लांबा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म 28 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होने वाली है। जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार है। बताते चलें कि एक्सेल एंटरटेनमेंट, जिसे रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा सह-स्थापित किया गया था, ने समय-समय पर जेडएनएमडी, दिल चाहता है और कई दूसरी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ दर्शकों को अपना दीवाना बनाया है।

# कोरोना वायरस की भयावह तस्वीर से रुबरु कराएंगे विवेक अग्निहोत्री



द कश्मीर फाइल्स के बाद विवेक रंजन अग्निहोत्री फिल्म द वैक्सीन वॉर लेकर आ रहे हैं। इसका ट्रेलर 12 सितंबर को रिलीज हो चुका है। मेकर्स ने हालांकि ट्रेलर को सच्ची घटना पर आधारित और मूवी को मास्टरपीस पहले ही बता दिया है। इसमें नाना पाटेकर, अनुपम खेर, रिमी सेन, गिरिजा ओक समेत अन्य कलाकार अहम भूमिका में दिखाई दे रहे हैं। भारत की पहली बायो-साइंस फिल्म द वैक्सीन वॉर कोरोना महामारी के दौरान की कहानी दिखा रही है कि कैसे भारत ने अपनी खुद की वैक्सीन बनाई थी।

फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत में नाना पाटेकर और पल्लवी जोशी, जो कि इस मूवी की प्रोड्यूसर हैं। वह दोनों फोन पर भारत के साइंटिस्ट के बारे में बात करते हैं। जहां पल्लवी बताती हैं कि देश के वैज्ञानिकों के पास 1 लाख रुपये भी नहीं। इसके बाद नाना पाटेकर अपने बाकी साइंटिस्ट्स के साथ मिलकर ये कहते हैं कि वह वैक्सीन बनाएंगे। वहीं, पत्रकार की भूमिला में रिमी सेन कहती हैं कि इंडिया 130 करोड़ लोगों की जान बचाने में समर्थ नहीं है। वह ऐसा नहीं कर सकती है।

वैक्सीन बनाने के दौरान साइंटिस्ट्स को किन-किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। और देश की मीडिया की तरफ से इस पर क्या-क्या कहा जाता है। वह सब इस मूवी में विवेक अग्निहोत्री ने दिखाया है। हालांकि कुछ चीजें देखकर आपको भी थोड़ा समझ नहीं आएगा कि कौन किसका किरदार निभा रहा है। इस ट्रेलर में वैदिक संस्कृति से भी जोडने् का प्रयास किया गया है। अंत में सभी महिला साइंटिस्ट्स को लगता है कि वह सभी मरने वाले हैं लेकिन नाना पाटेकर कहते हैं कि ये एक युद्द है और वो सभी सोल्जर्स।

चूहे से लेकर बंदर तक पर इस वैक्सीन का इस्तेमाल किया जाता है। उधर पत्रकार बनीं रिमी सेन कहती हैं कि एक राजा था, जो भी कर लो मरता ही नहीं था। उसकी जान एक तोते की गर्दन में अटकी थी, उसे मरोड़ दी और वो मर गया। यहां रिमी, नाना पाटेकर और उनकी वैक्सीन के बारे में बात करती हैं। हालांकि असल में ये किरदार कौन है, ये तो मूवी के रिलीज होने के बाद पता चलेगा। आखिर में देश के नेता अनुपम खेर नाना पाटेकर से सवाल करते हैं कि बताओ वैक्सीन बनेगी या नहीं, तो वो कहते हैं, जरूर बनेगी और जल्द और सबसे ज्यादा सुरक्षित बनेगी। 28 सितंबर को मूवी रिलीज होगी, तब इसकी कहानी पता चलेगी। वैसे ये फुकरे 3 से क्लैश होगी। देखना दिलचस्प होगा कि कौन किसे टक्कर देगा। (आरएनएस)

# करीना कपूर की जाने जान का मुख्य गाना जारी, नेहा कक्कड़ ने दी आवाज

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री करीना कपूर पिछले कुछ समय से अपनी आने वाली फिल्म जाने जान को लेकर चर्चा में हैंयह फिल्म इसलिए ज्यादा खास है क्योंकि जाने जान के जरिए करीना ओटीटी की दुनिया में कदम रखने वाली हैं। अब निर्माताओं ने जाने जान का मुख्य गाना जारी कर दिया है, जिसे नेहा कक्कड़ ने सचिन-जिगर के साथ मिलकर गाया हैइस गाने के बोल राजेंद्र कृष्ण ने लिखे हैं।

फिल्म जाने जान के निर्देशन सुजॉय घोष ने अपने आधिकारिक एक्स पर फिल्म का मुख्य गाना साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आपके लिए हमारा टाइटल ट्रैक।।सुनो। बताओ।जाने जान में करीना के अलावा जयदीप अहलावत और विजय वर्मा जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैंफिल्म के प्रोडक्शन का काम एकता कपूर ने संभाला हैयह फिल्म करीना के जन्मदिन यानी 21 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देने वाली है।

यह फिल्म कलिम्पोंग पर आधारित है। नेटफ्लिक्स ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'जाने जान हमारे अपने जाने जान के जन्मदिन पर आ रही है करीना कपूर खान। किसी अन्य से बेहतर तोहफे का इंतजार किए बिना अपने-अपने कैलेंडर पर डेट मार्क करें। ग़जानेजान 21 सितंबर को आएगी, केवल नेटफ्लिक्स पर!'

निर्देशक सुजॉय घोष ने अपनी आगामी फिल्म के बारे में बताते हुए कहा, 'जाने जान उस किताब पर आधारित है, जो लंबे समय से मेरे जीवन का प्यार रही है। जिस दिन से मैंने 'डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स' पढ़ा। मैं इसे एक फिल्म में रूपांतरित करना चाहता था। यह मेरी अब तक पढ़ी सबसे अद्भुत प्रेम कहानी थी और आज करीना, जयदीप और विजय की बदौलत वह कहानी पर्दे पर जीवंत है।' (आरएनएस)

# स्पाई थ्रिलर डेविल 24 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी



नंदमुरी कल्याणराम अपने करियर की शुरुआत से ही अनूठी स्क्रिप्ट चुनने में अपनी कुशलता के लिए जाने जाते हैं और अब एक और दिलचस्प फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का शीर्षक आश्चर्यजनक रूप से डेविल है जो नायक की क्रूरता को दर्शाता है। और यह टैगलाइन के साथ आता है- द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट।

फिल्म की झलक हाल ही में जारी की गई थी और इसने हम सभी को फिल्म से और अधिक उम्मीदें लगाने पर मजबूर कर दिया। दर्शक फिल्म के अपडेट्स का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फिल्म की रिलीज की तारीख की आज पुष्टि हो गई, जिससे सभी को खुशी हुई। यह फिल्म 24 नवंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

निर्माताओं ने एक आकर्षक पोस्टर के साथ इसका खुलासा किया, जिसमें लिखा है, 24 नवंबर, 2023 को डिकोडिंग। फिल्म में कल्याण राम ने एक सख्त ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट की भूमिका निभाई है जिसे एक रहस्य सुलझाने का काम सौंपा गया है। कल्याण राम, जिन्होंने पिछले साल तेलुगु सिनेमा बिम्बिसार की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बनाई थी, एक और दिलचस्प फिल्म के साथ वापस आ गए हैं।

यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी और निर्माताओं ने हाल ही में हिंदी झलक जारी की है जो धूम मचा रही है। संयुक्ता मेनन फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी। देवांश नामा द्वारा प्रस्तुत, अभिषेक नामा अभिषेक पिक्चर्स के बैनर तले इस पीरियड ड्रामा का निर्माण कर रहे हैं। नवीन मेडाराम द्वारा निर्देशित, डेविल की कहानी, पटकथा और संवाद श्रीकांत विस्सा द्वारा प्रदान किए गए हैं। हर्षवर्द्धन रामेश्वर फिल्म के लिए संगीत दे रहे हैं। साउंडराजन सिनेमैटोग्राफी संभालेंगे। इस कथित पीरियड स्पाई थ्रिलर के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही सामने आएगी। (आरएनएस)

# जो बीता उसे अमेरिका व वियतनाम दोनों ने भुलाया!

श्रुति व्यास

जो बाइडन नए रिश्ते बनाने में लगे हुए हैं। इसलिए क्योंकि वे अपने कार्यकाल के उस दौर में हैं जिसमें वैश्विक मुद्दे ज्यादा महत्वपूर्ण बन गए हैं। हाल के महीनों में उन्होंने आस्ट्रेलिया, भारत और फिलिपींस के साथ सहयोग बढ़ाया है और वे कैम्प डेविड में जापान और दक्षिण कोरिया के नेताओं को एकसाथ बिठाकर त्रिपक्षीय-समझौता करवाने में सफल रहे है, जो वाशिंगटन अब तक नहीं कर पाया था। इसी अभियान के तहत अमरीकी राष्ट्रपति जी-2० के सफल और कम चुनौतीपूर्ण सम्मेलन में भाग लेने के बाद वियतनाम के लिए उड़ गए। वे दिल्ली छोडने़ वाले पहले विश्व नेता थे।

बाइडन ऐसे पांचवे अमरीकी राष्ट्रपति हैं जो एक समय अमरीका के प्रबल शत्रु रहे वियतनाम गए। जो बीत गया उसे भुलाना अमेरिका के लिए जरूरी है ताकि आज की चिंता को दूर हो सके। और आज की चिंता क्या है? चीन की एसिया-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती महत्वाकांक्षाएं।

निःसंदेह अमेरिका की तुलना में वियतनाम की कही ज्यादा समानता, याराना रूस और चीन से है। वह चीन की छत्रछाया में समृद्ध हुआ है। युद्ध के बाद अलग-थलग पड़े वियतनाम के इंफ्रास्ट्रक्टर के पुनर्निर्माण, सडकें और जलमार्ग तैयार करने और कृषि के क्षेत्र में विकास में चीन ने बहुत मदद की। यही कारण है कि कुछ साल पहले तक बहुत से वियतनामी चीन को अमेरिका की तुलना में अपने ज्यादा निकट पाते थे। लेकिन अब वियतनाम आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से काफी विकसित है। साथ ही वह रणनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बन गया है। ऐसा माना जाता है कि ताईवान के बाद संभवतः वियतनाम ही वह देश है जिसे मार्क्सवाद से दूर हटते चीन से सबसे ज्यादा खतरा है। बीजिंग लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी सार्वभौमिकता का दावा करता है, जिनमें वियतनाम के नियंत्रण वाले वे द्वीप भी शामिल हैं जिन्हें वियतनाम अपना मानता है। इसके साथ ही वियतनाम के लगभग पूरे एक्सक्लूसिव इकनोमिक जोन पर चीन की नजऱ है। इससे वियतनाम के मछुआरों और ऑफशोर गैस व तेल उत्पादन क्षेत्रों के साथ-साथ ही उसकी आजादी और भूमि को भी खतरा है। यही कारण है कि वियतनाम को अमेरिका से रिश्ते बेहतर करने की जरूरत महसूस हो रही है।

लगभग एक दशक से दोनों देशों के संबंधों को 'व्यापक साझेदारी' कहकर परिभाषित किया जाता रहा है। लेकिन जो बाइडन तथा वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव गुयेन फुन ट्रिंग की मुलाकात के साथ दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को वियतनाम के सर्वोच्च कूटनीतिक पायदान पर पहुंचा बतला रहे है। यह दर्जा अभी तक केवल चीन, रूस, भारत व दक्षिण कोरिया के साथ था। अब अमेरिका को भी वियतनाम ने अपना व्यापक रणनीतिक साझेदार घोषित किया है। जाहिर है यह दोनों देशों के लिए फायदे का सौदा है।

जो बाइडन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभुत्व को चुनौती देने के प्रति दृढ़ संकल्पित हैं और वियतनाम को दक्षिण चीन सागर में चीन के विस्तारवाद के मुकाबले में सहयोग एवं संरक्षण की जरूरत है। हालांकि वियतनाम दक्षिण पूर्व एशिया के उन चन्द देशों में से एक है जिन्होंने चीन की दादागिरी का विरोध किया है। अब वह चीन से थोड़ी ज्यादा दूरी रखना चाहता है। वह अपने मन की करने की अधिक आज़ादी भी मांग रहा है। बाइडन प्रशासन के अधिकारियों की यह अपेक्षा नहीं है कि वियतनाम चीन से सहयोग पूरी तरह समाप्त कर दे किंतु वे अमेरिका के रूप में भविष्य में उसे एक विकल्प उपलब्ध करवाना चाहते हैं।

यह सब चीन को रास नहीं आ रहा है। बाइडन की यात्रा के कुछ दिन पहले चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने अमेरिका से कहा था कि वह एशियाई देशों के संबंध में शीतयुद्ध के समय की और जीरो सम गेम (केवल एक पक्ष के लिए फायदेमंद सौदा) की मानसिकता त्यागे। उन्होंने जोर देकर कहा कि वाशिंगटन अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत मानदंडों का पालन करे। किंतु राष्ट्रपति बाइडन ने किसी भी प्रकार का शत्रुतापूर्ण रवैया न होने का दावा किया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नए शीत युद्ध की संभावनाओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहाँ, मेरा चीन की राह में रोड़े डालने का कोई इरादा नहीं है। मैं केवल यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि चीन से हमारे संबंध ईमानदारी पर आधारित हों और सबको यह पता रहे कि क्या हो रहा है।

बाइडन के साथ हुए नए समझौते के बावजूद चीन वियतनाम का सबसे बड़ा साझेदार देश बना रहेगा। चीन ने साफ संकेत दिए हैं कि उसका पीछे हटकर अमेरिका को अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका देने का कोई इरादा नहीं है। इसी तरह बाइडन प्रशासन को यह डर भी है कि वियतनाम रूस के निकट बना रहेगा, जो सोवियत संघ के काल से उसका ऐतिहासिक संरक्षक रहा है। वियतनाम की सेना के ज्यादातर हथियार और अन्य सामग्री रूसी है, और उसके पास हथियार, अन्य सामग्री और कलपुर्जे मास्को से खरीदने के अलावा ज्यादा विकल्प भी नहीं हैं। लेकिन वियतनाम धीरे-धीरे रूस पर निर्भरता कम करने की कोशिश में है। और बाइडन की यात्रा के बाद अमेरिका एफ-16 लड़ाकू विमान और सैन्य रडारें वियतनाम को बेचने का फैसला कर सकता है, हनोई जिन्हें पाने की आकांक्षा रखता है।

बावजूद इस सबके जो बाइडन की वियतनाम की ऐतिहासिक यात्रा से सभी लोग खुश नहीं हैं। अमेरिका में आलोचक उन पर ऐसी सरकार के साथ हाथ मिलाने का आरोप लगा रहे हैं जिसका रिकार्ड मानवाधिकारों के मामले में बहुत खराब है। वियतनाम दक्षिण पूर्व एशिया के सबसे तानाशाहीपूर्ण रवैये वाले देशों में से एक बना हुआ है। गुयेन फुन ट्रिंग की सरकार ने हाल के वर्षों में असहमति और विरोध को सख्ती से दबाने का अभियान छेड़ा है। लेकिन नैतिकता का राजनीति से कोई वास्ता नहीं होता और अभी अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बोलबाले का मुकाबला करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। वियतनाम दोनों महाशक्तियों के बीच चल रहे इस बड़े मुकाबले में एक प्यादा भर है।

# हितों का मेल है



बाइडेन और मोदी ने जून में वॉशिंगटन में दोनों के बीच हुए समझौतों के अमल पर प्रगति की समीक्षा की। सिर्फ ढाई महीनों के अंदर उन समझौतों पर अमल किस तेजी से आगे बढ़ा है, वह सचमुच ध्यान खींचने वाला है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई मुलाकात ने इस बात की पुष्टि की कि भारत और अमेरिका में आपसी हितों का मेल पुख्ता शक्ल ले चुका है। जी-2० शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आए बाइडेन और मोदी ने जून में वॉशिंगटन में दोनों के बीच हुए समझौतों के अमल पर प्रगति की समीक्षा की। सिर्फ ढाई महीनों के अंदर उन समझौतों पर अमल किस तेजी से आगे बढ़ा है, वह सचमुच ध्यान खींचने वाला है।

ड्रोन सौदे से लेकर अमेरिकी नौसेना के जहाजों को भारतीय बंदरगाहों पर 'मरम्मत' की सेवा देने के लिए हुए समझौते अमली जामा पहन चुके हैं। इस रूप में कहा जा सकता है कि भारत अब अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति में सक्रिय भूमिका निभाने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुका है। यह खबर भी गौरतलब है कि अमेरिका के भारत से यह पूछने के बाद कि ताइवान पर चीनी हमला होने पर वह उस युद्ध में कैसी भूमिका निभाएगा, भारतीय सेना ने अपनी संभावित भूमिका की पड़ताल के लिए एक समिति का गठन किया है।

जब भारत ने भू-राजनीतिक मामलों ने यह भूमिका अपनाई है, तो इस बात को समझा जा सकता है कि बाइडेन प्रशासन क्यों भारत- खासकर प्रधानमंत्री मोदी को खुश रखने के लिए उतावला है। उतावलापन इस हद तक है कि अपने राष्ट्रपति की विदेशी नेताओं से होने वाली वार्ता के बाद प्रश्न पूछने की अमेरिकी पत्रकारों की परंपरा को ताक पर रखने के लिए उसने तमाम तर्क ढूंढे।

उधर अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने पत्रकारों से कहा कि वे यहां किसी देश में नागरिक स्वतंत्रता की स्थिति का स्कोर कार्ड दिखाने नहीं आए है।

निहितार्थ यह कि अपने भू-राजनीतिक हितों को आगे बढ़ाने की जुगत में अमेरिका ने खुद ही यह जग-जाहिर कर दिया है कि लोकतंत्र एवं मानव अधिकार जैसे मुद्दे उसके लिए रणनीतिक हथियार हैं, यह कोई निष्ठा की बात नहीं है।

उधर अमेरिका की मौजूदा जरूरत को मोदी ने बेहतर ढंग से भांप रखा है और घरेलू राजनीति में अपना हित साधने के लिए उसका खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.047

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 46 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# बिहार, झारखंड, यूपी में कांग्रेस की बड़ी मांग

कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में वोट और सीट के लिहाज से ऐतिहासिक रूप से सबसे निचले स्तर पर है। पिछले विधानसभा चुनाव में उसे ढाई फीसदी से भी कम वोट मिले थे और उसका सिर्फ एक विधायक जीता। बिहार में भी कांग्रेस की जो हैसियत है वह राष्ट्रीय जनता दल के दम पर है। झारखंड में जरूर पार्टी की स्थिति थोड़ी ठीक है। लेकिन कांग्रेस अगले लोकसभा चुनाव में इन तीनों राज्यों में सहयोगी पार्टियों से बहुत ज्यादा सीटों की मांग कर रही है। उत्तर प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी सपा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा है और उसने भी साथ मिल कर लडने़ का संकल्प किया है। लेकिन उसके नेता हैरान हैं कि दो फीसदी वोट वाली कांग्रेस कैसे 2० सीटों की मांग कर रही है। सपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस के पास दो सीटों पर लडने़ के लिए नेहरू-गांधी परिवार से दो उम्मीदवार हो सकते हैं। इसके अलावा तो उसके पास अच्छे उम्मीदवार भी नहीं हैं। परंतु कांग्रेस ने 2० लोकसभा सीटों से मोलभाव शुरू किया है। उधर दूसरी सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल ने भी 12 सीटों से भाव-ताव शुरू किया है।



बिहार में कांग्रेस पार्टी के नेता 2०15 के विधानसभा चुनाव के फॉर्मूले के आधार पर अपनी सात सीटें पक्की मान रहे हैं लेकिन अभी पार्टी ने नौ सीटों से मोलभाव शुरू किया है। पहले कहा जा रहा था कि कांग्रेस की ओर से 16-16-8 सीट का फॉर्मूला बना है। यानी राजद और जदयू 16-16 सीट पर लड़ें और कांग्रेस को आठ सीट दें। लेकिन अब कांग्रेस ने एक सीट की मांग और कर दी है। उसे अब नौ सीटें चाहिएं। उधर झारखंड में जेएमएम गठबंधन में कांग्रेस हमेशा लोकसभा में ज्यादा सीटों पर लड़ती रही है। लेकिन अब जेएमएम की ताकत बहुत बढ़ गई है। वह 3० सीट के साथ विधानसभा की सबसे बड़ी पार्टी है। सो, वह लोकसभा में भी बराबर या ज्यादा सीट मांग रही है। लेकिन कांग्रेस राज्य की 14 में से आठ से कम सीट पर लडने़ को तैयार नहीं है। असल में तीनों राज्यों में कांग्रेस को बेहतर करने की उम्मीद है। अभी इन तीन राज्यों की 134 सीटों में से कांग्रेस के सिर्फ तीन सांसद हैं। तीनों राज्यों में एक-एक। (आरएनएस)

# भालू ने किया महिला पर हमला, गम्भीर घायल

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। राज्य में मानव व वन्यजीव संघर्ष थमने का नाम नही ले रहा है। ताजा मामला उत्तरकाशी जिले से सामने आया है जहां खेत पर काम करने गयी एक महिला पर भालू ने जानलेवा हमला कर दिया। महिला की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने उसे किसी तरह भालू के चंगुल से छुड़ाया और अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत गम्भीर देखते हुए प्रशासन अब उसे एयरलिफ्ट करने की तैयारियों में जुटा हुआ है।

जानकारी के अनुसार सरोजनी देवी पत्नी संतोष उम्र लगभग 40 वर्ष ग्राम धराली में अपने बगीचे में राजमा निकालने गई थी। बताया जा रहा है कि इस दौरान वहां मौजूद भालू ने उस पर घात लगाकर हमला कर दिया। अचानक हुई इस घटना पर महिला सकते में आ गयी। महिला की चीख पुकार सुनने के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने बुरी तरह से घायल महिला को भालू के चंगुल से छुड़ाया तथा प्राथमिक उपचार के लिए सीएससी हर्षिल भेजा। जहां महिला की गंभीर हालत को देखते हुए प्रशासन अब उक्त घायल महिला को हैली के माध्यम से हायर सेंटर ऋषिकेश एम्स में भेजने की तैयारी कर रहा है।

# एमडीडीए ने किया विवादित मस्जिद को सील

संवाददाता





देहरादून। हिन्दूवादी संगठनों के विरोध के बाद एमडीडीए ने विवादित मस्जिद को सील कर वहां पर पुलिस फोर्स तैनात करा दी।

उल्लेखनीय है कि काफी समय से हिन्दूवादी संगठनों के द्वारा डालनवाला एमडीडीए कालोनी में एक मकान को मस्जिद बनाये जाने का विरोध किया जा रहा है जिसके लिए हिन्दू जागरण मंच सहित विभिन्न हिन्दूवादी संगठनों ने एमडीडीए सचिव का पुतला फूंका तथा उनके निलम्बन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास भी कूच किया था। इतने विरोध के चलते आज एमडीडीए की टीम वहां पर पहुंची और उन्होंने विवादित मस्जिद को सील कर दिया। जिसके बाद क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

# फेसबुक में प्रधानमंत्री की छवि धूमिल करने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। फेसबुक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि धूमिल करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुमित पंवार मंडल अध्यक्ष भाजपा, ऋषिकेश ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि एक व्यक्ति संजय सिल्सवाल पुत्र नामालूम निवासी श्यामपुर नामक एक व्यक्ति द्वारा कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए एक अपमानजनक फेसबुक पोस्ट के माध्यम से कूटरचना कर इलैक्ट्रोनिक अभिलेख की रचना की गई जिसमे हमारी भावनाएं आहत हुई है और ऐसी पोस्ट द्वारा प्रधानमंत्री की ख्याति की अपहानि हुई है एवं उसके द्वारा किये गये ऐसे कथन से संजय सिल्सवाल द्वारा समाज में राज्य के निवासियों मे प्रधानमंत्री के विरुद्ध अपराध करने के लिए उदीप्त करने के उद्देश्य से ऐसी पोस्ट प्रकाशित करी है और पूर्व मे भी समाज के विभिन्न वर्गो मे शत्रुता, घृणा व वैमनस्य पैदा करने वाले कथनो के रुप मे अपनी फेसबुक वाल पर किया जाता रहा है जिससे विभिन्न आपसी और जातियो के बीच शत्रुता, घृणा व वैमनस्य की भावना पैदा हो रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# निर्माणधीन मकान से सरिया चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने निर्माणधीन मकान से सरिया व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार डोईवाला निवासी राजकुमारी ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि चोरों ने रात्रि में उसके निर्माणधीन मकार के दरवाजे की जाली काटकर वहां से सात कुंटल सरिया चोरी कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## कनाडा में खालिस्तानी आतंकी सुखदूल सिंह ....

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

जिम्मेदारी लेने की बात लिखी गई है। लॉरेंस बिश्नोई के फेसबुक पोस्ट में लिखा गया है कि 'हां जी सत श्री काल, राम राम। ये सुक्खा दुनुका जो बंबिहा ग्रुप का जो इंचार्ज बनता था, उसका मर्डर कर दिया गया है। कनाडा के विनिपेग शहर में उसकी हत्या की गई है। आगे लिखा गया कि इस नशेड़ी ने कई लोगों के घर उजाड़े हैं। इसने गुरलाल बराड़, विक्की मिड्डुखेड़ा की हत्या में सब कुछ किया था। इसे इसके पापों की सजा मिल गई है। गैंगस्टरों को धमकी देते हुए लिखा कि जहां मन हो भाग जाओ, लेकिन पापों की सजा एक दिन जरूर मिलेगी।

# अंकिता को न्याय दिलाये जाने को महिला प्रदेश अध्यक्ष ने सिर मुडवाया

संवाददाता



देहरादून। अंकिता भण्डारी को न्याय दिलाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री कूच के दौरान महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला सहित दो महिलाओं ने अपने सिर मुडवाये। जिसके बाद पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर पुलिस लाईन पहुंचाया।

आज यहां प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में राज्य व केन्द्र सरकार के नीतियों के खिलाफ सैकडों महिला कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया गया। इस असवर पर रौतेला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी उत्तराखण्ड की बेटी अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड की जांच सीबीआई से कराये जाने की मांग लगातार राज्य व केन्द्र सरकार से करती आ रही है परन्तु आज तक उनके परिवार को न्याय नही मिल पाया है। उन्होंने कहा मणिपुर में जिस तरह से महिलाओं को सरकार के नाक के नीचे निर्वस्त्र कर सड़कों पर घुमाया गया यह देश को शर्मशार करने वाला काण्ड था, परन्तु आज तक उन महिलाओं को न्याय नही मिल पाया है। भाजपा नेता के रिजार्ट में राज्य की बेटी अंकिता भण्डारी के साथ हुई जघन्य अपराध की घटना के उपरान्त सरकार द्वारा रातोंरात सबूत नष्ट करने का काम किया गया उससे स्पष्ट होता है कि भाजपा सरकार में अपराधियों को खुला संरक्षण दिया जा रहा है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा रिसॉर्ट पर बुल्डोजर फिराने के आदेशों से इनकार किया जा रहा है तथा भाजपा सरकार सबूत नष्ट करने के बाद अपनी पीठ थपथपा रही है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड में कानून व्यवस्था नाम चीज नही है जहॉं तहॉं आये दिन महिलाओं के साथ अत्याचार किये जा रहे हैं और उन्हें न्याय दिये जाने के बजाय उनका और अधिक उत्पीड़न किया जा रहा है। राज्य सरकार विकास के नाम पर डुगडुगी पीट रही है परन्तु विकास कहीं दिख नही रहा है। उन्होंने कहा सरकार के नाक के नीचे राजधानी देहरादून के सड़कों पर एक-एक फीट के गड्ढे देखे जा सकते हैं। भाजपा सरकार के नीतियों के खिलाफ प्रर्दशन के दौरान महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला एवं महामंत्री शिवानी थपलियाल मिश्रा ने अंकिता भण्डारी को न्याया दिये जाने हेतु अपना सिर मुडवाकर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। तत्पश्चात पुलिस द्वारा सभी महिला प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर पुलिस लाईन ले जाया गया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन मथुरा दत्त जोशी, महामंत्री विजय सारस्वत, पूर्व विधायक संजीव आर्य, मुख्य प्रवक्ता गरिमा माहरा दसौनी, महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिह गोगी, मीना रावत, नजमा खान, आशा मनोरमा डोबरियाल, प्रतिमा सिंह, सुजाता पॉल उर्मिला थापा, दर्शन लाल, मोहित उनियाल, सुशीला बेलवाल, उषा रावत, अनुराधा तिवाड़ी, कमजीत कौर, पूनम कैन्यूरा, रेनू नेगी, इन्दू पंवार आदि सैकड़ों महिलायें उपस्थित थे।

# किल्मोड़ा का अवैध दोहनकर अधिकारियों ने किया करोड़ों का खेला

विशेष संवाददाता

**❑ वन मंत्री सुबोध ने बैठाई जांच**
**❑ क्या कृषि मंत्री जोशी भी करेंगे कार्रवाई?**

देहरादून। वन विभाग और कृषि विभाग में उच्च पदों पर बैठे अधिकारियों और कर्मचारियों ने राज्य की प्रतिबंधित जड़ी किल्मोड़ा का अवैध दोहन कराकर करोड़ों का खेला कर दिया गया। मामले का खुलासा होने पर अब वन मंत्री सुबोध उनियाल द्वारा इस पर जांच बैठा दी गई लेकिन मामला कृषि विभाग सहित अन्य कई विभागों से जुड़ा हुआ है इसलिए यह कह पाना कठिन है कि जांच कहां तक पहुंचेगी।

जानकारी के अनुसार प्रतिबन्धित और बेश कीमती जड़ी किल्मोड़ा के 25-30 हजार टन अवैध दोहन का मामला सामने आया है। राज्य में कई क्षेत्रों में पाई जाने वाली इस बेश कीमती जड़ी किल्मोड़ा से आंखों की दवा से लेकर डायबिटीज जैसी अनेक गंभीर बीमारियों की दवाये बनाई जाती है। यह जड़ी किसानों के खेतों से लेकर जंगल तक पैदा होती हैं इसके उत्पादन की निगरानी का जिम्मा कई विभागों पर होता है। पता चला है कि जिन किसानों के खेतों में जड़ी उत्पन्न होने का रवन्ना वन व कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा काट कर हेरा फेरी की गई उन्हें इसकी जानकारी तक नहीं है। खैर 25 से 30 हजार टन किल्मोड़ा के अवैध पातन के जरिए विभागीय अधिकारियों द्वारा करोड़ों कमा लिए गए। वन मंत्री सुबोध उनियाल का कहना है कि उन्होंने इस मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं तथा दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा। देखना यह है कि क्या कृषि मंत्री गणेश जोशी भी इस पर कोई एक्शन लेंगे या नहीं। इसकी जांच कहां तक पहुंच पाती है यह आने वाला समय ही बताएगा लेकिन किल्मोड़ा में करोड़ों का खेला होने के इस मामले के उजागर होने से सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति जरूर सवालों के घेरे में आ गई है।

# ऑपरेशन स्माइल : पुलिस ने लापता भाई को बहन से मिलाया

हमारे संवाददाता




हरिद्वार। उत्तराखंड पुलिस की मुहिम, 'ऑपरेशन स्माइल' के तहत पुलिस ने एक लापता हुए नाबालिग भाई को उसकी बड़ी बहन से मिलवा दिया है। पुलिस की इस कार्यवाही का बहन द्वारा धन्यवाद किया गया है।

पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड, अशोक कुमार की पहल पर 1 सितम्बर से दो माह के लिए पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे ऑपरेशन इस्माइल आभियान के तहत दिनांक 14 सितम्बर को बहन ज्योति पुत्री स्व: प्रमोद निवासी रेलवे स्टेशन के सामने पार्किंग हरिद्वार ने जीआरपी थाना हरिद्वार पर तहरीर देकर बताया गया कि उसका छोटा भाई बालक सन्नी पुत्र स्व: प्रमोद उम्र 13 वर्ष दिनाक 10 जून को घर से बिना बताए कहीं चला गया है। दी गई तहरीर पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर बालक की तलाश शुरू कर दी गयी। पुलिस अधीक्षक रेलवेज, अजय गणपति कुंभार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक, अरुणा भारती के पर्यवेक्षण में थाना अध्यक्ष द्वारा बालक सन्नी की तलाश हेतु टीम गठित की गई। जिसमें ऑपरेशन स्माइल टीम (एएचटीयू व जीआरपी हरिद्वार संयुक्त) द्वारा लगन और कड़ी मेहनत से बालक सन्नी की तलाश राज्य एवं गैर राज्य के रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, होटल ढाबे एवं सेल्टर होमो में की गई। परिणाम स्वरूप टीम को उस समय सफलता हासिल हुई जब टीम नई दिल्ली के साथी आश्रय गृहमें पहुंची वहां पर बालक सन्नी मिल गया। जिसको संस्था द्वारा रेलवे स्टेशन नई दिल्ली से रेस्क्यू किया गया था।

बालक का नाम पता तस्दीक होने पर बालक को बाल कल्याण समिति नई दिल्ली (तृतीय) के समक्ष प्रस्तुत कर बाद आवश्यक कार्यवाही कर बालक को टीम द्वारा हरिद्वार लाकर सीडब्ल्यूसी हरिद्वार के समक्ष पेश कर परिजनो (बालक सन्नी की सगी बहन ज्योति) के सकुशल सुपुर्द किया गया। बालक सन्नी को देखते ही उसकी बहन ज्योति की आंखों में खुशी के आंसू आ गए और वह अपने भाई को गले लगाकर रोने लगीं और रोते रोते उत्तराखंड पुलिस की ऑपरेशन स्माइल टीम का धन्यवाद किया। इस प्रकार ऑपरेशन स्माइल टीम एक बहन के आंसू पोंछने में सफल रही।

## एक नजर

# भारत में कनाडा के नागरिकों के लिए वीजा सर्विस पर पिफ्लहाल रोक !

नई दिल्ली। भारत-कनाडा के बीच लगातार तल्खी बढ़ रही है। अब भारत ने बड़ा कदम उठाते हुए कनाडा के नागरिकों के लिए वीजा देने पर फिलहाल रोक लगा दी है। भारत की तरफ से अबतक का यह बड़ा एक्शन है। केंद्र सरकार ने कहा है कि अगली सूचना तक कनाडा के नागरिकों के लिए वीजा सर्विस पर रोक रहेगी। भारत ने भी कनाडा की यात्रा कर रहे भारतीयों को सावधान रहने कहा है। इसके अलावा वहां रह रहे भारतीय लोगों व छात्रों के लिए भी एडवाइजरी जारी की गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडा में बढ़ रही भारत विरोधी गतिविधियों और हेट क्राइम को देखते हुए यह एडवाइजरी जारी की गई है। हाल ही में कनाडा संसद के एक सांसद चंद्रा आर्य ने दावा किया कि गुरपतवंत सिंह पन्नू के समर्थकों ने कनाडाई-हिंदू समुदाय को निशाना बनाया है। उसने खालिस्तान पर जनमत संग्रह कराया और यहां पहुंचे लोगों ने हिंदू समुदाय को धमकी दी और उन्हें भारत जाने की चेतावनी दी। उन्होंने बताया कि कनाडा में स्थानीय हिंदू समुदाय के लोग खौफ में हैं। खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की मौत पर विवाद लगातार बढ़ रहा है। सबसे पहले कनाडा ने भारत के खिलाफ बयानबाजी शुरू की। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर बड़े ही गंभीर आरोप लगाए, जिसमें उन्होंने निज्जर की मौत के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया।




# फिल्म 3 इडियट्स के 'लाइब्रेरियन दुबे' की एक हादसे में हुई मौत

मुंबई। आमरि खान के साथ फिल्म 'श्री इडियट्स' में काम करने वाले एक्टर अखिल मिश्रा की एक दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। अखिल मिश्रा हैदराबाद में शूटिंग कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक अखिल मिश्रा अपने घर के किचन में टेबल पर चढ़कर कुछ काम कर रहे थे। इस दौरान वो टेबल से गिर गए और उन्हें सिर में गहरी चोट लगी। उनका काफी खून बह गया। अस्पताल जब ले जाया गया तो उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अखिल मिश्रा ने फिल्मों से लेकर कई टीवी सीरियल्स में काम किया है। एक्टर की मौत से बॉलीवुड में शोक का माहौल है। फिल्म श्री इडियट्स में अखिल मिश्रा ने लाइब्रेरियन दुबे जी का किरदार निभाया था। आमिर खान की इस फिल्म में दुबे जी का रोल काफी मजेदार था। इसके अलावा उन्होंने उतरन सीरियल में उमेद सिंह बुदेला का रोल प्ले किया था, जो लोगों को काफी पसंद आया था। अखिल मिश्रा ने सीआईडी, श्रीमान श्रीमति, भंवर, उड़ान, भारत एक खोज और रजनी जैसे सीरियल्स में काम किया है। अखिल मिश्रा की हिंदी भाषा पर अच्छी पकड़ थी। उन्होंने अपनी पत्नी को हिंदी और एक्टिंग के गुर सिखाए।



# गैंगस्टरों पर नकेल कसने को पंजाब में 1000 से ज्यादा ठिकानों पर रेड

नई दिल्ली। पंजाब पुलिस राज्य में गैंगस्टरों पर नकेल कसने के लिए गुरुवार को 1000 से ज्यादा ठिकानों छापेमारी की। पंजाब के सभी जिलों में सुबह से ही छापेमारी की जारी है। गोल्डी बरार के गैंगस्टरों के ठिकानों पर ये रेड चल रही है। एक दिन पहले एनआईएने 40 से अधिक गैंगस्टरों की लिस्ट तस्वीरों के साथ जारी की थी। ये सभी गैंगस्टर गोल्डी बराड़ व लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य बताए जा रहे हैं। इनमें से किसी पर पांच तो किसी पर 10 लाख का इनाम रखा गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी का मकसद गोल्डी बरार के नेटवर्क को तोड़ना है। ये गैंगस्टर पंजाब और देश से बाहर विदेश में बैठ कर कत्ल और फिरौती की घटना को अंजाम देते हैं। बता दें कि गोल्डी बराड़ पंजाबी सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मुख्य आरोपी है। पिछले साल 29 मई को मानसा जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गोल्डी 2017 में छात्र वीजा पर कनाडा चला गया था। वह लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सक्रिय सदस्य है। पूरे पंजाब में चल रही छापेमारी पर पंजाब के एडीजीपी ला एंड ऑर्डर अर्पित शुक्ला ने बताया कि पंजाब और विदेश में बैठ कर कत्ल और फिरौती की घटनाओं को अंजाम देने वालों गैंगस्टरों के खिलाफ ये कार्रवाई चल रही है। पंजाब पुलिस की तरफ से भी कानूनी प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। हमारी कोशिश है यह प्रक्रिया जल्द पूरी हो और हम सेंट्रल एजेंसीज के साथ भी संपर्क में हैं।



## - एसएसपी देहरादून के अल्टीमेटम का असर -

# चाकू की नोक पर हुयी लूट का 12 घंटों में खुलासा, तीन गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

देहरादून। चाकू की नोंक पर हुई लूट के मामले में एसएसपी देहरादून के सख्त रूख को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर मात्र 12 घंटो के भीतर ही लूट का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस लूट में तीन शातिरों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूट का माल, घटना में प्रयुक्त स्कूटी व एक चाकू भी बरामद किया है।

बता दें कि बीती शाम रायपुर क्षेत्रान्तर्गत सोमनाथ नगर के पास तीन अज्ञात व्यक्तियो द्वारा चाकू की नोक पर सुहैल पुत्र मुन्ना अहमद निवासी आजाद नगर कॉलोनी, रायपुर के साथ पर्स लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष रायपुर मय पुलिस फोर्स के मौके पर पँहुचे तथा पीडित से जानकारी करने पर पता चला कि लुटेरों द्वारा पीड़ित का पर्स जिसमें 4800 रुपये नगद, 2 आधार कार्ड व एक आई कार्ड था लूट लिया गया था। पीड़ित ने बताया कि लुटेरो ने इस घटना को अंजाम देने के लिए एक सफेद रंग की स्कूटी का इस्तेमाल किया था।



लूट की इस घटना को गम्भीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह द्वारा द्वारा थानाध्यक्ष रायपुर को 24 घंटे के अन्दर घटना का अनावरण करने के सख्त निर्देश दिये गये थे। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने लुटेरो की तलाश शुरू कर दी गयी। मामले में पुलिस को पता चला कि लूट में प्रयुक्त स्कूटी प्रियंका पुत्री अशोक कुमार निवासी ऋषिनगर देहरादून के नाम पंजीकृत है। साथ ही सीसी कैमरों से पता चला कि एक लुटेरा प्रियंका का भाई आशु है। जिस पर पुलिस द्वारा देर रात से उसकी तलाश शुरू कर दी गयी। जिसे आज सुबह लगभग चार बजे ऋषिनगर के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके द्वारा बताया गया कि इस घटना में उसके साथ उसके साथी रोहित व सौरभ भी थे। जिस पर पुलिस द्वारा रोहित व सौरभ को 4.15 बजे डीएल रोड़ पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से घटना में लूटी धनराशी 4800 रुपये नगद, दो आधार कार्ड, पेन कार्ड, चाकू व स्कूटी बरामद की गयी। पूछताछ में आशु द्वारा बताया गया कि वह नगर निगम में सफाई कर्मचारी है तथा उसने नशे की पूर्ति के लिये अपने दोस्तो के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। बहरहाल पुलिस ने उन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# स्पा सेंटर की नाम पर देह व्यापार करने पर महिला सहित दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। स्पा सेंटर के नाम पर देह व्यापार का धंधा करने पर एक महिला सहित दो लोग गिरफ्तार, सेंटर का मालिक पुलिस के हाथ नहीं लगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एएचटीयू के प्रभारी मनमोहन सिंह नेगी ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनको सूचना मिली थी कि यमुना कालोनी के पास स्थित क्राउन टावर में स्थित स्पा सेंटर में देह व्यापार का धंधा चल रहा हैं। जिसके बाद उन्होंने टीम के साथ स्पा सेंटर में छापा मारा तो वहां पर एक युवती व युवती नग्न अवस्था में पडे मिले। जिनसे पूछताछ की गयी तो युवती ने बताया कि वह गरीब परिवार से है तथा स्पा सेंटर के मालिक मनोज कुमार ने उसको 15 हजार रूपये महीने पर रखा है।

मनोज कुमार ने उससे कहा कि कोई भी स्पा कराने नहीं आता अगर उसको सैक्स करने दिया जाये तो बहुत लोग आयेंगे। मजबूरी वंश वह यह काम करने को तैयार हो गयी। इसके साथ ही दो अन्य युवतियां भी पुलिस को वहां पर मिली। उन्होंने ने भी पुलिस को वही बात बतायी तथा बताया कि ग्राहक से वह 20 हजार रूपये से 3500 हजार रूपये लेती हैं जिनमें से आधा उनका होता है। पुलिस ने तीनों को वहां से मुक्त कराकर स्पा सेंटर की मैनेजर को गिरफ्तार कर मालिक व मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ट्रेन की टक्कर से एक और हाथी की मौत

हमारे संवाददाता

नैनीताल। रेलवे लाइन के समीप आज सुबह एक और हाथी का शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया। तराई पश्चिमी वन विभाग के आमपोखरा रेंज में रेल से टकराकर एक हाथी की मौत हो गई। वन कर्मियों के अनुसार हाथी रात के समय ट्रेन से टकराया था। फिलहाल हाथी के पोस्टमार्टम की तैयारी की जा रही है। इससे दो दिन पूर्व जिला हरिद्वार में भी एक ट्रेन की चपेट में आकर एक हाथी की मौत हो गयी थी।

बता दे कि आमपोखरा रेंज के 64 नंबर गेट के पास रेलवे लाइन के समीप एक हाथी का आज सुबह शव मिला। हाथी का शव मिलने के बाद वन कर्मियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में वन अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की पड़ताल की। मृत नर हाथी की उम्र 25 वर्ष के आसपास बताई जा रही है।



हाथी के शव पर रेल से टकराने की निशान मिले हैं। तराई पश्चिमी वन विभाग के एसडीओ प्रदीप धोलाखंडी ने बताया कि बुधवार रात के समय किसी रेल से हाथी टकरा गया। हाथी पटरी से 50 मीटर की दूरी पर गिरा पड़ा मिला। इस संबंध में रेलवे विभाग से संपर्क किया गया है। बता दें कि दो दिन पूर्व हरिद्वार में भी ट्रेन की टक्कर से एक हाथी की मौत हो गयी थी। उस समय भी वन्य जीव प्रेमियों ने हाथियों की मौत के लिए अत्यधिक विकास को जिम्मेदार माना था।

# दुकान का ताला तोड मोबाइल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दुकान का ताला तोडकर वहां से मोबाइल व चार्जर चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधोईवाला निवासी फराद सिददकी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी राज प्लाजा में मोबाइल की दुकान है। उसने बताया कि गत रात्रि चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोडकर वहां से मोबाइल फोन, चार्जर व अन्य सामान चोरी कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*